YOUR HOME | YOUR FUTURE

NIAGARA CANADA

नियाग्रा

में आकर बस जाना

welcomeniagaracanada.com

यहाँ रहें

नियाग्रा कनाडा में स्वागत है, यह स्वागत करने वाला और परिवार अनुकूल समुदाय है, रहने, काम और अध्ययन करने के लिए बिल्कुल सही जगह।

कनाडा में रियल एस्टेट ख़रीदने के लिए नियाग्रा **सबसे अच्छी जगहों** में से एक है

औसत घर पुनर्विक्रय मूल्य
MLS $CDN 2017

$388,500

कनाडा के सबसे बड़े शहरों की तुलना में **यातायात की सबसे कम भीड़भाड़**

टोरंटो और दुनिया तक **आसान पहुँच**

- टोरंटो से ग्रीष्मकालीन GO ट्रेन सेवा
- 2021 में दैनिक GO ट्रेन सेवा शुरू होने वाली है
- 1 घंटे के अंदर 7 हवाई अड्डों तक पहुँच

सक्रिय जीवन-शैली से भरपूर

- 40 गोल्फ़ कोर्सेज़
- 30 से अधिक क्रीड़ांगन (रंगभूमि)
- 300 किलोमीटर से अधिक साइकिल चलाने हेतु पगडंडी (साइक्लिंग ट्रेल्स)

शीर्ष 10 कनाडा के महानगरीय क्षेत्रों की तुलना में **सबसे कम अपराध दर**

प्राकृतिक दृश्यावली का पता लगाने और आनंद लेने के लिए

- नियाग्रा एस्कार्पमेंट (कगार)
- लेक एरी
- लेक ओन्टारियो

वैश्विक पर्यटन गंतव्य स्थल वाली गतिविधियाँ और आकर्षण-केंद्र

- नियाग्रा जलप्रपात
- द शॉ फेस्टिवल
- कैसीनो (जुआघर) और लाइव मनोरंजन वाली जगहें
- उत्सव और समारोह
- विश्व-स्तरीय भोजन व्यवस्था

A+ **शैक्षणिक विकल्प** और अंतर्राष्ट्रीय छात्र कार्यक्रम

- **137** प्राथमिक विद्यालय
- **26** माध्यमिक विद्यालय
- **11** स्वतंत्र विद्यालय
- नियाग्रा कॉलेज
- ब्रॉक यूनिवर्सिटी

नियाग्रा वाइन रूट

96+ वाइन निर्माण शालाएँ (वाइनरीज़)

क्राफ़्ट बीयर रिवॉल्यूशन

13+ स्थानीय मद्यनिर्माण शालाएँ (ब्रुअरीज़) और बढ़ती वाइन निर्माण शालाएँ (वाइनरीज़)

बोनस

नियाग्रा की अद्वितीय भौगोलिक बनावट अपने क्षेत्र तक सीमित विशिष्ट प्रकार की जलवायु का सृजन करती है जिसके कारण वहाँ कनाडा का सबसे अच्छा मौसम मिलता है!

अधिकतर लोग मानचित्र पर विश्व-विख्यात नियाग्रा जलप्रपातों के बारे में आसानी से पता लगा सकते हैं, लेकिन हमें ढूँढ़ने का यह एकमात्र तरीका नहीं है। **नियाग्रा कनाडा** आदर्श रूप से टोरंटो और संयुक्त राज्य अमेरिका की सीमा के बीच दक्षिणी ओन्टारियो के गोल्डन हॉर्सशू में अवस्थित है।

यहाँ रहना

यहाँ रहना: स्थान



1 दिवसीय ड्राइव पर 130 मिलियन (13 करोड़) लोग

800 किलोमीटर (500 मील)

नियाग्रा कनाडा केवल नियाग्रा जलप्रपातों तक ही सीमित नहीं है - यह क्षेत्र कई समुदायों से मिलकर बना है, जिनमें मध्यम आकार के शहर, छोटे कस्बे और बहुत छोटे गाँव शामिल हैं।

- नियाग्रा की 12 स्थानीय नगरपालिकाओं में फोर्ट एरी, पेल्हाम, ग्रिम्सबाई, लिंकन, नियाग्रा जलप्रपात, नियाग्रा-ऑन-द-लेक, पोर्ट कोलबोर्न, सेंट कैथरीन्स, थोरोल्ड, वेनफ्लीट, वीलैंड और वेस्ट लिंकन शामिल हैं
- इस क्षेत्र के दायरे में कुल 1,852 वर्ग किलोमीटर का इलाका आता है जिसमें लोगों की कुल जनसंख्या 449,098 है
- क्षेत्र में तीन नगरीय केंद्र हैं - सेंट कैथरीन्स, नियाग्रा जलप्रपात और वीलैंड
- क्षेत्र की पहचान के तौर पर जानी जाने वाली प्राकृतिक विशेषताओं में लेक ओन्टारियो, लेक एरी और नियाग्रा एस्कार्पमेंट शामिल हैं
- यह क्षेत्र मोटर वाहनों द्वारा 30 मिनट में तय की जा सकने वाली दूरी पर विकसित हो रहे लगभग 2 मिलियन (20 लाख) की आबादी वाले एक इलाके का हिस्सा है
- नियाग्रा से कनाडा के सबसे बड़े शहर ओटावा के लिए कार या ट्रांज़िट (परिवहन के अन्य साधनों) से तय की जाने वाली दूरी लगभग 120 किलोमीटर है। कार से मनोरम यात्रा करें या नियाग्रा की मौसमी GO ट्रेन सेवा पर आराम से बैठें, टोरंटो से दैनिक सेवा 2021 से शुरू होने वाली है
- यूनाइटेड स्टेट्स में जाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 5 प्रवेश मार्ग हैं, इसके साथ ही कार से एक घंटे से भी कम समय की यात्रा करके 7 हवाई अड्डों तक पहुँचा जा सकता है जिनसे नियाग्रा से विश्व में कहीं पर भी आसानी से पहुँचा जा सकता है

यहाँ रहना: अपनी ज़िंदगी बनाएँ

रहने के लिए जगह ढूँढ़ें

आप जब नियाग्रा कनाडा आते हैं, तब आपके लिए सबसे पहले जो चीज़ ज़रूरी होती है, वह है रहने के लिए जगह ढूँढ़ना। मकान तलाशना कई बार चुनौती भरा काम हो सकता है, लेकिन नियाग्रा में प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य वाले कई मकान संबंधी विकल्प उपलब्ध हैं, जहाँ से जनोपयोगी सुविधाएँ, सामुदायिक सेवाएँ और आवासीय सहायता प्राप्त की जा सकने वाली जगहें पास में ही हैं। चाहे आप शहर में रहना चाहते हों या शहर के ठीक बाहर, घर में या अपार्टमेंट में रहना चाहते हों, आपके लिए कई विकल्प मौजूद हैं।

नौकरी संबंधी अवसर

नौकरी तलाशने के लिए नियाग्रा कनाडा एक अच्छी जगह है जहाँ अक्सर इतना वेतन भुगतान किया जाता है जो आराम से जीने के लिए काफी होता है। नियाग्रा के मुख्य नियोक्ता सामान्य तौर पर लोगों को नियुक्त कर रहे हैं, और यदि आप नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो ऐसी कई जगहें हैं, जहाँ कंपनियाँ अनेक उद्योगों और जॉब के प्रकारों में उपलब्ध नौकरियों के विवरण और उनसे संबंधित अपेक्षाओं को पोस्ट करती हैं।

अपना खुद का व्यवसाय शुरू करें

नियाग्रा में अपना व्यवसाय शुरू करना और उसका मालिक बनना अधिक आसान है। कितना आसान है? कुल मिलाकर, नियाग्रा कनाडा को व्यवसाय के लिए ओन्टारियो में दूसरे सर्वाधिक लागत प्रतिस्पर्धात्मक केंद्र – और अध्ययन में शामिल किए गए सभी 76 अमेरिकी अधिकार क्षेत्रों से अधिक प्रतिस्पर्धी माना गया है। उद्यमी पाएँगे कि नियाग्रा के अनेक व्यावसायिक संगठनों के सहयोग से अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए काफी सहायता उपलब्ध है।

स्वास्थ्य देखभाल और सुरक्षा

ओन्टारियो में मूलभूत चिकित्सा सेवाओं के लिए ओन्टारियो स्वास्थ्य बीमा योजना (OHIP - Ontario Health Insurance Plan) द्वारा भुगतान किया जाता है। नियाग्रा में स्वास्थ्य देखभाल Niagara Health द्वारा उपलब्ध कराई जाती है, जो जन-वित्तपोषित प्रणाली है, जिसमें छह अस्पताल और कई अन्य चिकित्सा सुविधा-केंद्र (फ़ैसिलिटीज़) शामिल हैं।

Niagara Regional Police Service नियाग्रा के निवासियों और आगंतुकों को सुरक्षित रखने का कार्य करती है। नियाग्रा कनाडा, कनाडा के महानगरीय क्षेत्रों के उन शीर्ष 10 स्थानों में है, जहाँ अपराध की दर सबसे कम है।

यहाँ रहना:
शिक्षा

बाल सेवाएँ

नवजात शिशुओं और अभी स्कूल न जा रहे छोटे बच्चों के माता-पिता बाल देखभाल सेवाएँ आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें यह जानकर मानसिक शांति के साथ काम करने का अवसर मिलता है कि उनके बच्चों की देखभाल अच्छी तरह की जाएगी। आप EarlyON केंद्रों को भी ढूँढ़ सकते हैं, जो माताओं-पिताओं और देखभाल प्रदाताओं का स्वागत करने वाले केंद्र हैं, जहाँ वे बच्चों के साथ इकट्ठा होकर अन्य परिवारों और पेशेवर लोगों से जुड़ सकते हैं। अपने छोटे बच्चों को सबसे अच्छी शिक्षा और देखभाल उपलब्ध कराने के लिए मॉन्टेसरी स्कूल्स और लाइसेंस प्राप्त डे केयर सेंटर्स (दिन में देखभाल करने वाले केंद्र) अन्य विकल्प हैं।

प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा

ओन्टारियो में सभी बच्चों के लिए, 18 वर्ष की आयु तक या जब तक वे किसी माध्यमिक स्कूल से पास नहीं हो जाते, स्कूल जाना आवश्यक है। 18 साल से कम आयु के बच्चों के लिए, चार सुस्थापित और प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूल प्रणालियाँ (मुफ़्त) हैं, साथ ही ऐसे कई स्वतंत्र प्राइवेट स्कूल हैं, जो नियाग्रा में छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा उपलब्ध कराते हैं।

माध्यमिकोत्तर शिक्षा

हाई स्कूल के बाद, छात्र या तो Brock University या Niagara College में माध्यमिकोत्तर (पोस्ट सेकेंडरी) शिक्षा पूरी करने के लिए पढ़ाई जारी रख सकते हैं, ये दोनों प्रभावशाली शिक्षा कार्यक्रम, अग्रणी शोध कार्य, और विश्व स्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराते हैं। पास में ही 15 से अधिक अन्य कॉलेज और विश्वविद्यालय हैं।

* कृपया ध्यान दें, यदि आप पहले से ही कनाडा के निवासी नहीं हैं, और आप छह महीने से अधिक समय तक नियाग्रा में पढ़ने की योजना बना रहे हैं, तो आपके लिए यहाँ आने से पहले अध्ययन परमिट प्राप्त करना आवश्यक होगा।

अंतर्राष्ट्रीय छात्र

अनेक पब्लिक और प्राइवेट माध्यमिक एवं माध्यमिकोत्तर शिक्षण संस्थान अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए व्यापक दायरे वाले कार्यक्रमों के साथ आपको कनाडा में जीवन के अनुसार ढालने में सहायता देने के उद्देश्य से अनेक प्रकार की सहायता सेवाएँ प्रस्तुत करते हैं। इन सेवाओं में शामिल हो सकते हैं:

- अंग्रेज़ी भाषा कार्यक्रम
- आगमन सेवाएँ और अंतर्राष्ट्रीय छात्र अनुकूलन
- स्वास्थ्य बीमा
- क्लब्स और सांस्कृतिक गतिविधियाँ
- व्यापक विविधता वाला सहयोग

आवेदन कैसे करें, इस बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रत्येक संस्थान से संपर्क करें।

यहाँ रहना: करने के लिए चीज़ें

नियाग्रा कनाडा में बेपनाह मौज-मस्ती है। स्थानीय लोगों को यह लाभ है कि वे ऐसी जगह पर रह रहे हैं, जहाँ से विस्मयकारी जलप्रपातों तक कार से थोड़े समय की यात्रा करके पहुँचा जा सकता है, जो वाइन निर्माता देश के केंद्र में स्थित है। आपको उन विश्व स्तरीय आकर्षणों को पाने के लिए घर नहीं छोड़ना होगा जिन्हें देखने के लिए अनेक पर्यटक आते हैं।

नियाग्रा कनाडा में रहने का मतलब नियाग्रा की अनेक वाइनरीज़ में से किसी एक में स्थानीय चीज़ेज़ के साथ मनपसंद नई वाइन का आनंद लेना, किसी विश्व स्तरीय रंगमंच प्रस्तुति को देखने वाले दर्शकों में बैठना, नियाग्रा नदी को निहारते हुए गोल्फ़ खेलना, या किसी चोटी के दर्जे वाले स्पा में तनावमुक्त होना है। इसका मतलब जलप्रपातों की ध्वनि से विस्मित हो जाना, UNESCO द्वारा घोषित विश्व के एक संरक्षित जीवमंडल, नियाग्रा एस्कार्पमेंट (कग़ार), जो प्राकृतिक आश्चर्य है, को देख कर अचंभित हो जाना, या विश्व की सबसे मनोरम सनडे कार ड्राइव के लिए नियाग्रा पार्क वे पर यात्रा करना है।

चाहे जो भी मौसम हो, नियाग्रा कनाडा के कैलेंडर पर कोई चीज़ हमेशा होती है। आप काफी संख्या में आने वाले धूप भरे दिनों, और क्षेत्र की अच्छी गुणवत्ता वाली हवा से निश्चित रूप से आनंदित होंगे। हर महीना समुदाय-आधारित अनेक समारोहों और उत्सवों को लाता है।

छोटे से लेकर बड़े तक, ऐसे सैकड़ों कारण हैं जिनकी वजह से विश्व के सबसे लोकप्रिय गंतव्य स्थलों में से एक में रहने का जश्न मनाया जाए।

यहाँ रहना:

मनोरंजन और बाहरी गतिविधियाँ

नियाग्रा कनाडा का अद्वितीय भौगोलिक बनावट ऐसे मौसम को जन्म देती है, जो चार अलग-अलग ऋतुएँ लाता है, और उनमें से हरेक मनोरंजन और बाहरी गतिविधियों का आनंद लेने के लिए ताज़ी हवा के झोकें लाती है।

वसंत, ग्रीष्म और शरद ऋतु क्षेत्र के 300 किलोमीटर के बाइक ट्रेल्स (मोटरबाइक यात्रा के लिए विशेष मार्ग), 48 गोल्फ़ कोर्सेज़, 39 प्रकृति संरक्षण क्षेत्रों, और लेक एरी और लेक ओन्टारियो पर स्थित अनेक तटों और तटीय नगर भागों का आनंद लेने के लिए सबसे अच्छा समय है। यह ब्रूस ट्रेल, जो कनाडा का सबसे लंबा फ़ुटपाथ है, की पदयात्रा करने का और नियाग्रा एस्कार्पमेंट (कग़ार) रूपी प्राकृतिक आश्चर्य को घुम-फिर कर जानने का समय भी है। जाड़ों में, आप हमारे राष्ट्रीय स्पोर्ट, आइस हॉकी को आज़माएँ, या क्षेत्र के तीस से अधिक क्रीड़ांगनों में से किसी एक में स्केट करना सीखें।

वर्ष में किसी भी समय आपको उत्कृष्ट स्तर की मनोरंजक गतिविधियाँ मिलेंगी - सार्वजनिक स्वीमिंग पूल्स (तरण ताल) से लेकर स्पोर्टिंग फ़ैसिलिटीज़ (खेलकूद सुविधा-केंद्र) और सामुदायिक केंद्रों तक।

नए घर का चुनाव करना, वहाँ रहने के लिए जाना, और नौकरी की तलाश करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। **नियाग्रा कनाडा** में, इस अनुभव को भरसक आसान बनाने में आपको सहायता देने के लिए काफी सहयोग उपलब्ध है। यह सहयोग पूरी प्रक्रिया के दौरान उपलब्ध है, जिसमें आप्रवासन, नया घर ढूँढ़ना, सरकार और सामुदायिक सेवाओं तक पहुँचना, एवं और भी चीज़ें शामिल हैं।

यहाँ आकर बसें

यहाँ आकर बसें: आपके आने से पहले

कनाडा सरकार नियाग्रा कनाडा में जीवनयापन के लिए तैयार होने में आपकी सहायता के लिए कई मुफ़्त ऑनलाइन या आपको प्रत्यक्ष रूप से दी जाने वाली आगमन-पूर्व सेवाओं का वित्तपोषण करती है। कनाडा सरकार की वेबसाइट ऐसी जगह भी है, जहाँ जाकर आप उन दस्तावेज़ों के बारे में अद्यतित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जिनकी आपको आवश्यकता है।

यदि आप अपने स्थायी निवास के कागज़ात प्राप्त कर लेने के बाद भी नियाग्रा कनाडा के बाहर रह रहे हैं, तो आगमन-पूर्व सेवाएँ आपको सहायता दे सकती हैं:

- कनाडा में जीवन को समझने में
- कनाडा में नौकरी तलाशने, श्रम बाज़ार और जानकारी तक पहुँच प्राप्त करने में
- कनाडियन समाज के अनुसार ढालने के लिए भाषा एवं अन्य कौशलों को सीखने में
- आपके आगमन के बाद उपलब्ध अधिवास-संबंधी मुफ़्त सेवाओं के बारे में जानने में

आप बिना कोई शुल्क दिए उन सभी सेवाओं के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। सहायक हो सकने वाली सेवाओं में शामिल हैं:

Access - Canadian Employment Connections शिक्षित अंतर्राष्ट्रीय नवागंतुकों को इंजीनियरिंग, वित्तीय सेवाओं, मानव संसाधनों, सूचना प्रौद्योगिकी और सेल्स तथा मार्केटिंग (विक्रय तथा विपणन) में नौकरी ढूँढ़ने में सहायता देने के लिए ऑनलाइन सेवाएँ उपलब्ध कराता है।

Build ON नए प्रवासियों को कौशल की अपेक्षा करने वाले पेशों में ओन्टारियो में काम करने के लिए तैयार होने में सहायता देता है।

Canadian Apprenticeship Forum नवागंतुकों को कौशल वाले व्यावसायिक पेशों में प्रशिक्षुता के लिए तैयार करने और उनमें सहायता देने के लिए ऑनलाइन सेवाएँ उपलब्ध कराता है।

Planning for Canada अल्प आय वाले वर्ग और परिवार वर्ग के प्रवासियों को प्रत्यक्ष रूप से दी जाने वाली या ऑनलाइन सेवाएँ और आगमन-पूर्व अनुकूलन सत्र उपलब्ध कराता है।

PrepCan अल्प आय वर्ग के आप्रवासियों, उनके जीवनसाथियों (पति/पत्नी) और वयस्क आश्रितों को श्रम बाज़ार संबंधी जानकारी के साथ आगमन-पूर्व की ऑनलाइन रोज़गार सेवाएँ उपलब्ध कराता है, और आपका संक्षिप्त जीवनवृत्त तैयार करने, साक्षात्कार संबंधी कौशलों और नौकरी की खोज में सहायता करता है।

Pre-arrival Food Safety Management Training Program कुशल व्यक्तियों को खाद्य और पेय उद्योग में काम करने के लिए आवश्यक साधनों (टूल्स) के जरिए सहायता देने के वास्ते ऑनलाइन सेवाएँ उपलब्ध कराता है।

Settlement.org कनाडा में आपके आगमन के लिए आपकी तैयारी शुरू करने में मदद देने के लिए आगमन-पूर्व की वेबिनार्स, संसाधनों और वैयक्तीकृत अधिवास (सेटलमेंट) योजना उपलब्ध कराता है।

अधिवास-पूर्व सेवाओं की पूरी सूची को खोजने के लिए कनाडा सरकार की वेबसाइट को विज़िट करें।

यहाँ आकर बसें:
स्थापित होना

नियाग्रा कनाडा में आपका पहला दिन काफी व्यस्त होगा। सभी कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण के वास्ते समय निकालना और उन दस्तावेज़ों को तैयार करना महत्वपूर्ण है, जिनकी आपको ज़रूरत है। आपके शुरुआती दिनों में, आपको चाहिए कि:

- ☐ किसी अधिवास प्रदाता से मिलना चाहिए ताकि वह आपको जो कार्य करने की आवश्यकता है, उस संबंध में, उपलब्ध सेवाओं को ढूँढ़ने और समुदाय के साथ जुड़ने में मार्गदर्शन कर सहायता करे
- ☐ रहने के लिए कोई जगह ढूँढ़ें
- ☐ किसी सामाजिक बीमा नंबर के लिए आवेदन करें
- ☐ अपनी नौकरी की खोज शुरू करने के लिए किसी रोज़गार सलाहकार से मिलें
- ☐ स्वास्थ्य कार्ड के लिए आवेदन करें
- ☐ शहर की सड़कों और साइकिल मार्गों के मानचित्र प्राप्त करें
- ☐ बैंक खाता खोलें
- ☐ कोई पारिवारिक चिकित्सक ढूँढ़ें
- ☐ किसी अंग्रेज़ी भाषा पाठ्यक्रम में भाग लेने पर विचार करें
- ☐ अपने बच्चे को स्कूल के लिए पंजीकृत करें
- ☐ बाल-सेवाएँ: बाल देखभाल को ढूँढ़ें
- ☐ अपने घर के नजदीक किसी सार्वजनिक पुस्तकालय को ढूँढ़ें
- ☐ ओन्टारियो के ड्राइवर लाइसेंस के लिए आवेदन करें
- ☐ जातीय-सांस्कृतिक और धार्मिक समूहों में शामिल हों
- ☐ अपने अधिकारों के बारे में जानकारी प्राप्त करें
- ☐ स्वयं को कनाडा के कानूनों और आयकर संबंधी अपेक्षाओं से अवगत कराएँ



यहाँ आकर बसें:
स्थापित होना

नियाग्रा कनाडा आने वाले नवागंतुकों को ऐसी अनेक एजेंसियाँ मिलेंगी जो अधिवास सेवाएँ उपलब्ध कराती हैं और ऐसे अनेक संगठन मिलेंगे जो आपको समुदाय के लोगों से जोड़ने में सहायता करेंगे।

कोई अधिवास संबंधी कार्यकर्ता जानकारी और सहायता के लिए आपका पहला संपर्क है। अधिवास संबंधी कार्यकर्ता आपकी सहायता कर सकता है:

- आपका नए समुदाय के बारे में नेविगेट करने और उसे जानने में
- अद्यतित जानकारी और संसाधनों को उपलब्ध कराने में
- नियोक्ताओं, मकान मालिकों, सामाजिक और सरकारी सेवाओं, कानूनी सेवाओं एवं अन्य लोगों से संवाद संपर्क करने में आपको सहयोग देकर
- फ़ॉर्म भरने में आपको सहयोग देकर
- आपको सहयोग देकर और निजी समस्याओं या गंभीर स्थितियों में आपकी सहायता के लिए आपका संबंध विशेषीकृत सेवाओं से जोड़ कर
- रोज़गार, स्वास्थ्य, शिक्षा और कानूनी मामलों से संबंधित उन सीमित दस्तावेज़ों का अनुवाद करने में, जो तत्काल अधिवास के लिए आवश्यक हैं
- आपका संपर्क किसी दुभाषिया से कराने में

निश्चित नहीं हैं कि कहाँ से शुरू करें? अपने फ़ोन पर 211 डायल करें। ओन्टारियो (Ontario) में सामुदायिक, सामाजिक और स्वास्थ्य सेवाओं को ढूँढ़ने के लिए 211 एक पुरस्कार विजेता जानकारी और संदर्भ देने वाली हेल्पलाइन एवं ऑनलाइन डाइरेक्टरी है। 211 हेल्पलाइन का उत्तर उच्च प्रशिक्षित सामुदायिक सेवा नेविगेटर्स देते हैं।

पूरे नियाग्रा कनाडा में विभिन्न प्रकार के स्थानों में सेवाएँ अंग्रेज़ी और फ्रेंच, दोनों में उपलब्ध हैं। अधिवास संबंधी बहुभाषी कर्मचारियों के जरिये कई अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं।

यहाँ आकर बसें: आम मिथक

मिथक: जब मैं किसी कनाडियन से शादी करता/करती हूँ, तब कनाडा का नागरिक बन जाता/जाती हूँ

कनाडा के नागरिक से शादी करने पर आपको कनाडा की नागरिकता स्वतः ही प्राप्त नहीं हो जाता। यदि आप कनाडा का नागरिक बनना चाहते हैं, तो आपको अपेक्षित चरणों का अनुसरण अवश्य करना चाहिए।

मिथक: कनाडा आने के लिए आपके पास किसी नौकरी का प्रस्ताव होना चाहिए

नौकरी एक तरीका है, लेकिन कनाडा में आप्रवास के अन्य तरीके भी तरीके हैं।
आप आगंतुक (विज़िटर), निवेशक, छात्र, अस्थायी कामगार, या स्थायी निवासी के रूप में आवेदन कर सकते हैं।

मिथक: आपका आप्रवास कार्यक्रम इसकी सीमा तय करता है कि आप कनाडा में कहाँ रह सकते हैं

जब आप कनाडा के स्थायी निवासी बन जाते हैं, तब आप देश में कहीं भी रहने और नौकरी करने के लिए स्वतंत्र हैं।

मिथक: कनाडा में आप्रवास के लिए आवेदन करने के वास्ते आपको एक प्रतिनिधि की आवश्यकता है

कनाडा में आप्रवासन के लिए आवेदन करने के वास्ते आपको किसी प्रतिनिधि की आवश्यकता नहीं है कई आवेदक किसी विशेषज्ञ के साथ कार्य करने का चुनाव करता है, जो आपकी फ़ाइलों की समीक्षा कर सकता है और सुनिश्चित कर सकता है कि वह पूरी है और उसके स्वीकार किए जाने की काफी संभावना है। कनाडा में, कनाडाई आप्रवास के लिए आपकी फ़ाइल का प्रतिनिधित्व करने के लिए आपके अलावा, केवल ये लोग अधिकृत हैं:

- ऐसे प्रमाणीकृत वकील जिनकी अपनी प्रांतीय बार एसोसिएशन में अच्छी प्रतिष्ठा है, और
- ऐसे परामर्शदाता जो कनाडा विनियामक परिषद के आप्रवास परामर्शदाता (ICCRC - Immigration Consultants of Canada Regulatory Council) में पंजीकृत हैं।

यहाँ आकर बसें:
सामान्य प्रश्न

मैं नियाग्रा, कनाडा में आप्रवास के लिए कैसे आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

आप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (IRCC - Immigration, Refugees and Citizenship Canada) आप्रवास संबंधी नीति निर्मित करती है और इस संबंध में निर्णय लेती है कि कनाडा में कौन प्रवेश कर सकता है। अध्ययन, कार्य या कनाडा में आप्रवास के लिए आवेदन करने, नागरिकता, स्थायी निवासी कार्ड या शरणार्थी संरक्षण के लिए आवेदन करने के वास्ते IRCC की वेबसाइट विज़िट करें।

कनाडियन नागरिकता के लिए भाषा संबंधी अपेक्षाएँ क्या हैं?

कनाडा की 2 आधिकारिक भाषाएँ हैं: अंग्रेज़ी और फ्रेंच। आपको इनमें से किसी एक भाषा में अपने भाषा कौशल का प्रमाण अवश्य देना चाहिए।

एक्सप्रेस एंट्री क्या है?

एक्सप्रेस एंट्री (EE - Express Entry) ऑनलाइन आप्रवास आवेदन प्रणाली है। यह लोगों को एक प्रोफ़ाइल प्रस्तुत करने और उन्हें एक कुशल आप्रवासी माने जाने का अवसर देती है। उच्चतम रैंकिंग वाले उम्मीदवारों को स्थायी निवास के लिए आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

आगमन-पूर्व सेवाएँ क्या हैं?

आगमन-पूर्व सेवाएँ उन लोगों के लिए ऑनलाइन या प्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध कराए जाने वाले कार्यक्रम हैं, जिन्हें कनाडा में आप्रवास करने के लिए स्वीकृति दी चुकी है।

और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर के लिए, WWW.SETTLEMENT.ORG पर विज़िट करें।

YOUR HOME | YOUR FUTURE

NIAGARA CANADA

अधिक जानकारी के लिए, विज़िट करें:

welcomeniagaracanada.com

Niagara Region

Ontario

मई 2018